राजस्थान पुलिस अकादमी स्थित पुलिस महिला कल्याण केन्द्र में ब्युटीशियन कोर्स का शुभारम्भ

राजस्थान पुलिस अकादमी द्वारा अपनाये जा रहे नवाचारों के अन्तर्गत सेवा संकुल आवसीय परिसर में निवासरत पुलिस परिवारों की महिलाओं के लिए राज्य के प्रतिष्ठित संस्थान 'फिक्की फ्लो' के सहयोग से ब्यूटीशियन कोर्स का शुभारम्भ हुआ।

महिला कल्याण केन्द्र की अध्यक्षा श्रीमती अनु भट्ट तथा उपाध्यक्षा श्रीमती लविना दासोत के प्रयासों से राज्य के प्रतिष्ठित फिक्की फ्लो से सम्बद्ध 'स्टाईल एण्ड सिजर्स' प्रशिक्षण संस्थान से इन महिलाओं को "बेसिक ब्युटी विद हेयर कटिंग स्पेलिस्ट कोर्स" करने का अवसर मिलेगा। राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री राजीव दासोत की प्रेरणा तथा मार्गदर्शन से इस अनूठी पहल की क्रियान्विति संभव हो पाई है। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ आज दिनांक 14.12.2016 को अकादमी के निदेशक श्री राजीव दासोत के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में श्रीमती निताशा चौरड़िया वाईस चेयर पर्सन फिक्की फ्लो द्वारा अतिथियों के स्वागत के पश्चात् श्रीमती अनुकृति उज्जैनियां सहायक निदेशक (सी.डी.पी.एस.एम.), नोडल अधिकारी महिला कल्याण केन्द्र ने इस कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि तीन माह के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सेवा संकुल आवासीय परिसर के पुलिस परिवारों की 35 महिला प्रतिभागी भाग लेंगी एवं इन महिलाओं को यह प्रशिक्षण नि:शुल्क दिया जायेगा जो इनके जीवनपर्यन्त एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में दर्ज रहेगा। विशिष्ठ अतिथि श्रीमती लविना दासोत, उपाध्यक्षा महिला कल्याण केन्द्र ने सभी महिला प्रतिभागियों को तकनीकी कौशल बढाने व अपनी शक्ति को पहचानने का आह्वान किया। उन्होनें महिलाओं का कौशल अभिवृद्धि के साथ-साथ आर्थिक रूप से सक्षम होने पर भी जोर दिया। श्रीमती प्रीति साबू, चेयर पर्सन फिक्की फ्लो ने बताया कि यह प्रशिक्षण करने के पश्चात् इन प्रतिभागियों को स्टाईल एण्ड सीजर्स की विभिन्न फ्रेंचाइजीज में कार्य करने

का अवसर प्राप्त होगा और यदि ये महिलायें स्वयं अपना प्रतिष्ठान खोलना चाहें तो उसमें स्टाईल एण्ड सिजर्स इनको समुचित मार्गदर्शन करेगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राजीव दासोत ने राजस्थान पुलिस अकादमी द्वारा प्रशिक्षण की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि समय बदल रहा है तथा समय के साथ महिलाओं में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आर्थिक निर्भरता का होना आवश्यक है। यह प्रशिक्षण जहां एक और महिलाओं को सक्षम बनायेगा, वहीं दूसरी ओर परिवार को आर्थिक सहायता से मजबूती एवं संबल प्रदान करेगा। कार्यक्रम के अन्त में श्रीमती मीनल जैन सीनियर वाइस चेयर पर्सन फिक्की फ्लो ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए स्मृति चिन्ह् भेंट किया। राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री राजीव दासोत की अगुवाई में ब्यूटीशियन कोर्स की प्रतिभागियों के वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया तथा सभी को शुभकामनाएं दी।